**Additional Attachment- 2-3**

परियोजना का नाम :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ मे नथुवाखान सुयालबाडी मोटर मार्ग छीमी से मटेला होते हुए तोला भुमियाँ देव मन्दिर तक मोटर मार्ग के निर्माण

प्रारुप–6

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनाँक 18/09/2019 को निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग नैनीताल के द्वारा नथुवाखान सुयालबाडी मोटर मार्ग छीमी से मटेला होते हुए तोला भुमियाँ देव मन्दिर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु समरेखणों का स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री पूरन चन्द्र त्रिपाठी, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री पवन ध्यानी, राजस्व उपनिरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री पूरन सिंह रावत, कनिष्ठ अभियन्ता एवं विभागीय अमीन द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेंखणो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखण उपयुक्त पाया गया है, उसमें 2050 (मी0) नाप भूमि से, 1950 (मी0) सिविल भूमि से, शून्य (मी0) वन पंचायत से, शून्य (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस स्थल के चयन में कुल 3.60 हे0 में से नाप भूमि 1.845 हे0, सिविल भूमि 1.755 हे0, वन पंचायत भूमि शून्य हे0, आरक्षित वन शून्य हे0 भूमि प्रभावित हो रही है। जिनमें से कुल 1.755 हे0 भूमि के वन हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेंखण पर 97 वृक्ष भिन्न–2 प्रजाति एवं व्यास के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

इस समरेंखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये वह मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से समरेंखण उपयुक्त नही पाया गया है।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित समरेंखण संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित समरेंखण सिविल सोयम भूमि से प्रारम्भ होकर क्रमशः नाप एवं सिविल भूमि से होकर ग्राम मटेला तोला भूमि मन्दिर तक समाप्त होता है। प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान $79^0 33' 45.44''$ E, $29^0 30' 27.17'$N और मोटर मार्ग का अन्तिम स्थान का जी0बी0एस0 $79^0 33' 24.5''$E, $29^0 30' 46.27'$N है।

चयनित उपयुक्त समरेंखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त समरेंखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा।

कनिष्ठ अभियन्ता

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि० विभाग
नैनीताल.

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल

पटवारी

तहसीलदार

उपजिलाधिकारी
उप जिलाधिकारी
कोश्या कुटौली
नैनीताल

जिलाधिकारी
नैनीताल

वन क्षेत्राधिकारी
वन क्षेत्र अधिकारी,
उत्तरी नथुवाखान
नैनीताल वन प्रभाग

उपप्रभागीय वनाधिकारी
उप प्रभागीय वन अधिकारी (मु०)
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल.

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।